प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्रो योगी आदित्यनाथ ने आज मथुरा के बरसाना में रंगोत्सव का किया शुभारंभ : कहा– काशी और अयोध्या की तरह अब पूरे ब्रज क्षेत्र का होगा विकास।
2. मुख्यमंत्री ने आज आगरा में एक हजार युवा उद्यमियों को वितरित किये ऋण : कहा– विकसित भारत बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंग युवा।
3. नीट यूजी 2025 के ऑनलाइन आवेदन पत्रों में सुधार के लिए 9 मार्च से दोबारा खुलेगा पोर्टल : 11 मार्च तक आवेदन पत्र में सुधार कर सकेंगे अभ्यर्थी।

और

4. जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज मनाया जा रहा ह जन औषधि दिवस : लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में खोला गया जन औषधि केंद्र।

—————————

मुख्यमंत्रो योगी आदित्यनाथ ने आज मथुरा के बरसाना में रंगोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन–पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि काशी और अयोध्या

के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। बाइट.....

*इस बार हमने बजट में विशेष प्रावधान कर दिया है। जैसे अयोध्या में जैसे प्रयागराज में जैसे काशी में जैसे मह विन्ध्यवासिनी धाम में आपको दिखाई दे रहा है। यही हर विकास के कार्य यहां पर इसी रूप में आगे बढ़ेंगे। अब तो बारी इसी ब्रजभूमि की है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, नंदगांव, गोवर्धन, बलदेव ये सभी पे विकास के लिए पैसे की कोई सीमा नहीं।*

मथुरा वन्दावन में 40 दिन तक चलने वाले रंगों के इस त्यौहार में शामिल होने के लिए देश विदेश से लोग पहुंचते हैं। इसके लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद और जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मथुरा समूचा बृज मण्डल होली के रंगों से सराबोर है। यहां बरसाना में होली रंगोत्तसव का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया और राधारानी के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। यहां बरसाना के श्री लाडली जी मंदिर में 50 कुन्तल लड्डुओं से लड्डू मार होली खेली गई। नंदगांव के पांडा नृत्य से श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। चारों ओर राधे– राधे के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया है।*

*होली उत्सव के क्रम में कल बरसाना में और 9 मार्च को नंदगांव में लट्ठमार होली खेली जाएगी। 10 मार्च को श्रीकृष्ण जन्मभूमि लठमार होली और वृंदावन में फूलों की होली खेली जाएगी। यहां 11 को गोकुल में छड़ीमार होली खेली जाएगी। 13 मार्च को होलिका दहन के बाद 14 को पूरे ब्रज में धुडेली का आयोजन होगा। 15 मार्च को दाऊजी और नदंगाव में हुरंगा, और 22 मार्च को रंगनाथ मंदिर में होली उत्सव का आयोजन किया जायेगा।*

देश–विदेश से मथुरा पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा ना हो इसके मद्देनज़र बरसाना में आज से गाड़ियों

के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। ज़िलाधिकारी चन्द्र प्रकाश ने बताया इस पूरे आयोजन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बाइट.....

*लोगों को असुविधा न हो, इसके लिए हम लोग कहां कहां पार्किंग है, कहां क्या सुविधाएं हैं उसे गूगल लिंक के माध्यम सेक्यूआर कोड स्कैनर दिया हुआ है। कोई भी इसको डाउनलोड कर लेगा कौन सी पार्किंग में कितना स्पेस खाली है, कहां हम जा सकते हैं, रास्ता क्या होगा वो सारी चीजे ं हम लोगों ने टेक्निक का भी प्रयोग किया है और माननीय मुख्यमंत्री जी का बहुत ही स्पष्ट हम लोगों को निर्देश है कि यहां जो भी श्रद्धालु आवे उसे किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत एक हजार युवाओं को ऋण वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 साल में भारत ने नई उपलब्धियों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। श्री योगी ने कहा कि विकसित भारत बनाने में युवा बड़ी भूमिका निभाएंगे। बाइट.....

*ये मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम हम लोग आज यहां परआपके बीच में एक हजार नये उद्यमियों के साथ आपके सामने आए हैं और मैं भी देख रहा था यहां पर जो विभिन्न प्रकार के नये उद्यमियों ने अपने एक्जीबिशन लगाई हुई है। मैं उनको देख रहा था।उनमें कार्य करने का एक जज्बा है। उनके पास एक विजन है।जहां विजन है वहीं इनोवेशन भी है और इनोवेशन और विजन के साथ टेक्नोलॉजी मिल जाए तो फिर कहना ही क्या है कि समृद्धि आने से कोई रोक नहीं सकती है।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी  भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्य तिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

—————————

नीट यूजी 2025 परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन पत्र की त्रुटियों में सुधार के लिए 9 मार्च से पोर्टल विंडो दोबारा खोली जायेगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के मुताबिक, अभ्यर्थी 11 मार्च तक आवेदन पत्र में सुधार कर सकते हैं। एनटीए ने कहा है कि इसके बाद आवेदन भरने की समय सीमा बढ़ाई नहीं जाएगी। परीक्षा के लिये एक मई को अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किये जायेंगे। वहीं परीक्षा 4 मई को एक शिफ्ट में दोपहर दो से पांच बजे के बीच कराई जायेगी।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने आज वाराणसी के क्वींस  इंटर कॉलेज में चल रही बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने पारदर्शी और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए किए गए इंतज़ामों पर संतोष जताया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में बोर्ड परीक्षाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

बाइट.....

*मैं कल ऐसी निरीक्षण कर रही हूँ। बराबर सभी जनपदों में मैंने देखा है की बहुत अच्छा कार्य सदर रहा है। हमारी परीक्षा बहुत अच्छी प्रकार ऐसी संपन्न हो रही है और पूरे प्रदेश में ही सारी व्यवस्था  सुचारू रूप ऐसी सदर रही है।  मैं अपने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए बधाई देना चाहूँगी की सभी लोग तज्ञता के साथ लगे हुए है।  चाहे हमारी शिक्षक शिक्षिका होए  चाहे हमारे शिक्षा विभाग के अधिकारी हो। सभी लोग पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ में लगे हुए है जिससे परीक्षा हमारी पूर्ण रूप ऐसी संपन्न हो  रही है।*

——————————

असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने आज वाराणसी में तीन दिवसीय बनारस लिट फेस्ट का शुभारम्भ किया। इस मौके पर असम के राज्यपाल ने कहा कि काशी धर्म और साहित्य की नगरी है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि ऐसे

आयोजन हमारी संस्कृति और सभ्यता को पुनः परिभाषित कर रहे हैं।

————————

आज जन औषधि दिवस है। जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 7वें जन औषधि दिवस के अवसर पर आज लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में जन औषधि केंद्र का उद्‌घाटन किया गया। केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय की ओर से पूरे देश में सप्ताह भर गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*इस योजना के अंतर्गत बाजार की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत कम कीमत पर दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है। यह उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए केवल प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी गई दवाइयां प्रदान करती है। इस पहल के तहत शुरू की गई प्रमुख पहलों में से एक सुविधा सेनेटरी नैपकिन है। देश के सभी जिलों में अब 15 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र चालू है और इस योजना ने स्वरोजगार के लिए आशाजनक अवसर पैदा किया है। दीपेंद्र और भानु प्रताप सिंह के साथ अक्षत वैद्यान, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

————————

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण सचिव संजयजाजू और महाराष्ट्र सरकार की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने आज मुंबई वेव्स 2025 सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए

विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की सह–अध्यक्षता की। इस अवसर पर सूचना एवंप्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री संजय जाजू ने कहा, यह सम्मेलन मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लिए एक वैश्विक मंच है।

———————

महिला प्रीमियर लीग में आज लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और डेल्ही कैपिटल्स के बीच मैच खेला जा रहा है। टॉस जीत कर गुजरात जायंट्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।

———————

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में क्रमिक बढ़ोत्तरी होगी। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक इस अवधि में अधिकतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा। साथ ही इस सप्ताह मौसम शुष्क बना रहेगा।

(समाप्त)